प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय श्रम व रोज़गार मंत्री डॉक्टर मनसुख मंडाविया आज सिरमौर ज़िले के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 30 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अस्पताल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। करीब सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस आधुनिक अस्पताल से एक लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे सिरमौर सहित पड़ोसी ज़िलों के लोगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दोपहर 12 बजे शिमाला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य के कर्मचारियों से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

*प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दोपहर 12 बजे से प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होगी जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हो सकते हैं। कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए पर भी निर्णय हो सकता हे। साथ ही विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के अलाव मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भी मुहर लगेगी। इसके अलावा विमल नेगी मौत मामले की जांच के दौरान अफसरशाही में आई तालमेल की कमी को लेकर भी कोई अहम फैसला हो सकता है।*

सरकार–तेल

केंद्र सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने कल एक अधिसूचना जारी की ।

इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। भारत ने 2023–24 के दौरान एक सौ 59 दशमलव छह लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया। रिफाइंड ऑयल पर सीमा शुल्क साढे 32 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है।

भारत मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल आयात करता है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल शिमला में जय हिन्द सभा को संबोधित करते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों और पूर्व सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की गौरवगाथा हमारे इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बहादुर सैनिकों को अब तक कुल एक हजार 203 वीरता पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र, 25 कीर्ति चक्र, 57 वीर चक्र और 99 शौर्य चक्र शामिल हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उप–मुख्यमंत्री ने मेजर सोमनाथ शर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल धन सिंह थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा और सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर जवानों के योगदान को स्मरण किया, जिन्हें उनकी वीरता के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्समव

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दौरान शिमला शहर में पहली जून से 4 जून तक रात 11 बजे तक बसे चलाएगा। 5 जून को आयोजित होने वाली अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दिन निगम रात साढ़े 12 बजे तक बस सेवाएं उपलब्ध करवाएगा। ये बसें न्यू शिमला, मैहली, संजौली, टुटू और हीरानगर के लिए आवाजाही करेंगी।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। आज के दिन तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न, की जाती है। ये दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है।

नीट परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने 15 जून को होने वाली नीट–पी.जी. की परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये भी सुनिश्चित करने को कहा है कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–पी.जी. परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए।

शब्द

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

लोक गायक

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक इंदरजीत ने कुल्लू के साम्फिया के अखाड़ा स्थित आश बाल विकास केंद्र का दौरा कर वहां उपचाराधीन विशेष बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, अभिभावकों से बातचीत कर बच्चों का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इंदरजीत ने इस दौरान अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर बच्चों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर इंदरजीत ने कहा कि वे वे दिव्यांगता पर जागरूकता फैलाने के लिए शीघ्र ही एक विशेष गीत तैयार करेंगे, जिससे समाज में समावेशिता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहन मिल सके।